दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, बुधवार 30 जनवरी 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-121

महत्वपूर्ण एवं खास

वैन और कार में टक्कर से 12 की मौत

उज्जैन (आरएनएस)। शहर में सोमवार रात को दो कारों के बीच भीषण टक्कर हो गई। यह टक्कर इतनी भयंकर थी कि 12 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से 5 लोग एक ही परिवार के थे। घटना में एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थीनाय लोगों की मदद से पुलिस ने सभी को नजदीकी जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। यह घटना उज्जैन के रामगढ़ के पास सोमवार देर रात को घटी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे में शामिल एक कार शादी के कार्यक्रम से वापस आ रही थी। तभी देर रात करीब एक बजे सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। सूत्रों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि वैन 50 मीटर दूर जा गिरी और उसके परखच्चे उड़ गए। सभी मृतक वैन में सवार थे। दूसरी गाड़ी में लगे एयरबैग्स से उसमें सवार लोगों की जानें बच गईं। हादसे में वैन में सवार एक ही परिवार के करीब 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें 2-3 बच्चों के शामिल होने की भी आशंका जताई जा रही है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। बताया गया है कि मृतकों में बीजेपी के पूर्व मंडल महामंत्री अर्जुन कायत भी शामिल थे।

आयकर विभाग ने कर चोरी की जांच हेतु तमिलनाडु में 74 स्थानों पर मारे छापे

नई दिल्ली (आरएनएस)। आयकर विभाग ने कुछ रियल एस्टेट समूहों और एक रिटेल स्टोर चेन के खिलाफ कर चोरी की जांच के सिलसिले में मंगलवार को तमिलनाडु में 74 स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य की राजधानी चेन्नई और कोयम्बटूर के दो जगहों पर दो रियल्टी समूहों और रिटेल चेन सरवण स्टोर्स के परिसरों में छापे मारे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरवण समूह के मालिक योगीराथिनम पोंडुरई के परिसर में भी कार्रवाई के तहत छानबीन की जा रही है। उन्होंने बताया कि छापे के अंतर्गत कुल 74 स्थानों की तलाशी की जा रही है और 70 आयकर अधिकारियों की एक टीम पुलिस की सहायता से यह अभियान चला रही है।

चिदंबरम, कार्ति को गिरफ्तारी से मिली छूट 18 फरवरी तक बढ़ी

नई दिल्ली (आरएनएस)। एयरसेल-मैक्सिस मामले में दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी. चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति चिदंबरम को गिरफ्तारी से मिली अंतरिम छूट की अवधि 18 फरवरी तक बढ़ा दी। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ओ. पी. सैनी ने चिदंबरम को इस आधार पर राहत दी कि वह एक फरवरी को उपलब्ध नहीं रहेंगे। मामले की सुनवाई पहले एक फरवरी को होनी थी। यह मामला एयरसेल-मैक्सिस सौदे में विदेशी निवेश प्रमोशन बोर्ड (एफआईपीबी) की मंजूरी में हुई कथित अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है।

15वां वित्त आयोग करेगा आज से पंजाब दौरा

नईदिल्ली (आरएनएस)। 15वां वित्त आयोग अपने अध्यक्ष एन.के. सिंह के नेतृत्व में 29 जनवरी से 01 फरवरी तक पंजाब के दौरे पर रहेगा। पंजाब देश का 17वां राज्य है, जिसका आयोग दौरा कर रहा है। आयोग अपने दौरे के शुरूआत में पंचायत राज्य संस्थानों और शहरी स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगा। इसके बाद वह राज्य के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मिलेगा। अगले दिन आयोग पंजाब के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार के साथ विस्तार से चर्चा करेगा। इस बैठक में राज्य के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। आयोग अमृतसर का भी दौरा करेगा, जहां वह व्यापार और उद्योग के राज्य प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगा।

मोदी ने बच्चों को समझाया लक्ष्य और सपनों का मतलब

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों की चिंताओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में पीएम मोदी का शिक्षक, दार्शनिक, कवि से लेकर बहुत हल्का-फुल्का अंदाज भी दिखा। उन्होंने ऑनलाइन गेम्स से लेकर सोशल मीडिया और परीक्षा में नंबरों पर टिप्स दिए। पीएम ने कहा कि तकनीक और आधुनिकता के साथ जीवन में लक्ष्य और सपनों पर चर्चा की।

पीएम बोले, पीयूबीजी खेलता है क्या बच्चा

कार्यक्रम में एक मां ने पूछा कि मेरा बच्चा इन दिनों ऑनलाइन गेम्स काफी खेलता है। मैं उसके मार्क्स और पढ़ाई को लेकर चिंतित हूं। पीएम ने बहुत सहज अंदाज में मां से पूछा, कि क्या पीयूबीजी खेलता है या फिर कोई और ऑनलाइन गेम। पीएम ने पैरंट्स से कहा, इन दिनों तकनीक के कारण बच्चों के पास सूचनाएं पहुंच सकती हैं। पैरंट्स को चाहिए कि बच्चों को तकनीक और ज्ञान से जोड़ें। बच्चों से पूछें कि नेट पर देखर पूछिए कि नगालैंड में कौन सा जानवर मिलता है, कहां बारिश के बाद क्या परिस्थितियां हैं? ऐसे सवालों के जरिए बच्चे की दिलचस्पी तकनीक और विषयों से जोड़ें।

परीक्षा पर चर्चा में पीएम की क्लास

सुनाई नीरज की मशहूर कविता

पीएम का कार्यक्रम में बतौर कवि का अंदाज भी दिखा। परीक्षा में नंबरों को लेकर पूछे सवाल पर उन्होंने कहा कि मशहूर कविता है, चंद खिलौनों के खो जाने से बचपन नहीं मरा करता है... परीक्षा जीवन का अंग हैं और नंबर भी महत्वपूर्ण हैं, लेकिन जीवन में नंबर सब कुछ नहीं होते। कुछ पैरंट्स इसी तनाव में रहते हैं कि उनका बच्चा कितना अच्छा कर रहा है। मैं अभिभावकों से भी अपील करता हूं कि जो हम नहीं कर सके वह मेरा बच्चा करे जैसी उम्मीद नहीं रखें। हर बच्चे के अपने सपने होते हैं और अपनी योग्यता होती है।

कोड वर्ड में समझाया जीवन का लक्ष्य

पीएम ने जीवन के दिलचस्प किस्से को याद करते हुए बताया कि पहले मैं कुछ युवाओं से पूछता था क्या कर रहे हो? उनका जवाब होता था सीए कर रहा हूं। जब मैंने थोड़ी जांच-पड़ताल की तो पता चला सीए का मतलब है कुछ नहीं कर रहा हूं। पीएम ने कहा, यह हंसी-मजाक की बात है, लेकिन जीवन में एक लक्ष्य होना चाहिए। बड़े लक्ष्य पर पहुंचने से पहले छोटे लक्ष्य तय करें और उन पर विचार करें कि कहां तक पहुंचे, नहीं पहुंचे तो क्या कमी रह गई।

पूर्व रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस का लंबी बीमारी के बाद निधन

नईदिल्ली (आरएनएस)। वाजपेयी सरकार में रक्षा मंत्री रहे जॉर्ज फर्नांडिस का मंगलवार को निधन हो गया. वह 88 साल के थे. पारिवारिक सूत्रों ने उनके निधन की पुष्टि की है. फर्नांडिस लंबे समय से बीमार चल रहे थे, परिवार ने बताया कि फर्नांडिस अल्जाइमर से पीड़ित थे और हाल ही में उन्हें स्वाइन फ्लू हो गया था. स्वास्थ्यगत कारणों के चलते वह लंबे समय से सार्वजनिक जीवन से बाहर थे.

अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में जॉर्ज फर्नांडिस रक्षा मंत्री रहे. वह 1998 से 2004 के बीच देश रक्षा मंत्री रहे. 2004 में ताबूत घोटाला सामने आने के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया था. बाद में दो अलग-अलग कमिशन ऑफ इन्क्वायरी में उन्हें दोषमुक्त करार दिया गया था. राज्यसभा सांसद के तौर पर संसद में उनका आखिरी कार्यकाल अगस्त 2009 से जुलाई 2010 तक था. मूलतः मंगलुरु के रहने वाले जॉर्ज फर्नांडिस ने समता पार्टी की स्थापना की थी. वह आपातकाल के खिलाफ आवाज उठाने वाले योद्धा और सिविल राइट्स एक्टिविस्ट के तौर पर चर्चित हुए थे. वह 1977 से 1980 के बीच मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी सरकार में भी केंद्रीय मंत्री रहे।

पूर्व रक्षा मंत्री फर्नांडिस का के निधन से राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर है. राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, ममता बनर्जी, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी जैसे नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

एनडीएफबी चीफ रंजन दैमारी समेत 15 दोषी करार

असम सीरियल ब्लास्ट 2008

गुवाहाटी (आरएनएस)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने 30 अक्टूबर, 2008 को असम में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में नैशनल डेमोक्रैटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (एनडीएफबी) के प्रमुख रंजन दैमारी सहित 15 लोगों को दोषी ठहराया है। दोषियों को बुधवार को सजा सुनाई जाएगी। दैमारी इस सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में मुख्य आरोपी था, जिसमें 88 से ज्यादा लोग मारे गए थे और 540 अन्य घायल हुए थे।

बता दें कि 30 अक्टूबर 2008 को गुवाहाटी के गणेशगुरी, पानबाजार और कचहरी क्षेत्र में और बारपेटा, कोकराझार और बोंगाईगांव में करीब-करीब एकसाथ बम धमाके हुए थे। सीबीआई ने 2009 में एनडीएफबी प्रमुख और 22 लोगों के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया था। आरोप-पत्र में 650 प्रत्यक्षदर्शियों के नाम थे और पोस्टमार्टम रिपोर्ट्स, पकड़े गए लोगों के कबूलनामे, कुछ आरोपियों द्वारा कॉल की जानकारी समेत 682 दस्तावेज शामिल थे।

अभियोजन के अनुसार, कुल मिलाकर नौ विस्फोट किए गए थे, जिसमें से गुवाहाटी में हुए तीन विस्फोटों में 53 लोग मारे गए थे। कोकराझार में हुए तीन विस्फोट में 20 लोग और बारपेट में हुए विस्फोट में 15 लोग मारे गए थे। बोंगईगांव में हुए विस्फोट में कोई हताहत नहीं हुआ था। दैमारी को बांग्लादेश में गिरफ्तार किया गया था और मई 2010 में उसे भारतीय अधिकारियों को सुपुर्द कर दिया गया था। डी.आर. नाबला के रूप में भी पहचाने जाने वाले दैमारी ने 3 अक्टूबर, 1986 को बोडो सुरक्षा बल का गठन किया था और बाद में इसका नाम बदलकर एनडीएफबी कर दिया था।

राहुल ने पर्रिकर से मुलाकात कर तबीयत का हाल जाना

पणजी (आरएनएस)। राफेल डील में पूर्व रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर पर लगातार हमलावर रहे राहुल गांधी ने आज उनसे मुलाकात की। कांग्रेस अध्यक्ष ने सीएम दफ्तर में जाकर बीमार मनोहर पर्रिकर से सौजन्य भेंट की।

कैंसर की बीमारी से लड़ रहे पर्रिकर सक्रिय हैं और सरकारी कामकाज मेंहिस्सा ले रहे हैं कांग्रेस अध्यक्ष ने ट्वीट कर निजी मुलाकात बताया और कहा कि गोवा के सीएम को शीध्र स्वास्थ्य लाभ की उम्मीद करते हैं। राहुल ने ट्वीट किया, आज सुबह मैंने गोवा के सीएम से मुलाकात की और यह निजी भेंट थीं।

स्कूलों में संस्कृत में प्रार्थना हो या नहीं, संविधान बेंच तय करेगी

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय विद्यालयों की तरह स्कूलों में असतो मा सद्गमय जैसी धार्मिक प्रार्थनाएं गाई जा सकती हैं या नहीं, इस पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ फैसला करेगी। खुद को नास्तिक कहने वाले विनायक शाह की ओर से दायर जनहित याचिका में देश भर में केंद्र सरकार के प्रशासन वाले स्कूलों में इसे प्रार्थना के तौर पर शुरू करने की सरकारी नीति को चुनौती दी गई थी।

शाह ने दावा किया था कि केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से 28 दिसंबर, 2012 को जारी संशोधित एजुकेशन कोड में सभी छात्रों के लिए सुबह की प्रार्थना में इसे गाना अनिवार्य बनाया गया था। इससे नास्तिक विचारधारा रखने वाले लोगों को परेशानी हुई है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन देने के बावजूद इस चलन को बंद नहीं किया गया है।

शाह ने दलील दी थी कि स्कूलों में सुबह की प्रार्थना के दौरान धार्मिक स्तुतियां और प्रार्थना गाना संविधान के आर्टिकल 28 के तहत निषेध है। यह आर्टिकल सरकारी स्कूलों और सरकार से अनुदान प्राप्त करने वाले स्कूलों में किसी धार्मिक निर्देश पर विशेष रोक लगाता है। यह धर्मनिरपेक्षता का एक अनिवार्य हिस्सा है। शाह की ओर से सीनियर एडवोकेट कोलिन गोंजाल्विस कोर्ट में दलीलें दे रहे हैं। उनकी दलील थी कि संविधान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को एक मूलभूत अधिकार के तौर पर अपने तरीके से प्रार्थना करने की अनुमति या कोई प्रार्थना न करने की अनुमति है। शाह ने कहा कि स्कूलों में कुछ भी अनिवार्य तौर पर शुरू नहीं किया जा सकता।

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि संस्कृत श्लोक असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय... कोई धार्मिक उपदेश नहीं है बल्कि ये यूनिवर्सल सत्य है। इसे सभी धर्म और मान्यताओं में माना जाता है।

तीन साल से एक जगह तैनात अधिकारियों का होगा ट्रांसफर

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग (ईसी) ने सभी राज्यों व केंद्रीय शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) को उन सभी अधिकारियों का तबादला करने का निर्देश दिया है, जिन्होंने अपने गृह जिलों में तैनाती के तीन साल पूरे कर लिए हैं या वहां सेवा में हैं। आयोग ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि कोई भी जिला निर्वाचन अधिकारी, चुनाव अधिकारी, सहायक चुनाव अधिकारी, पुलिस इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर या उससे ऊपर के किसी भी अधिकारी को उस जिले या विधानसभा क्षेत्र में वापस तैनात नहीं किया जाए, जिन्होंने 31 मई, 2017 से पहले किसी भी चुनाव के दौरान वहां सेवा की हो।

मुंह में गुब्बारा फटने से 8 साल के बच्चो की मौत

बल्लभगढ़ (आरएनएस)। शहर की यादव कॉलोनी में सोमवार को जिला परिषद की पूर्व चेयरपर्सन के घर में आयोजित शादी समारोह की खुशियां मातम में बदल गई। दरअसल समारोह में आए 8 साल के बच्चे की मुंह में गुब्बारा फटने से मौत हो गई। यह बच्चा घर के बाहर गुब्बारे से खेल रहा था।

नरहावली गांव निवासी मुकेश भाटी की पत्नी योगिता भाटी पूर्व में जिला परिषद की चेयरपर्सन रही हैं। मुकेश भाटी काफी समय से अपने परिवार सहित बल्लभगढ़ शहर की यादव कॉलोनी में रहते हैं। सोमवार को मुकेश भाटी के भतीजे की शादी के लिए लड़कीवाले उसे देखने के लिए आने वाले थे। इस वजह से पूरे घर में खुशियों का माहौल था। घर के सदस्यों के अलावा रिश्तेदार भी घर पर ही मौजूद थे। घर पर आने वाले मेहमानों की आवभगत के लिए तरह-तरह के व्यंजन बनाए गए थे। मुकेश भाटी की भतीजी पूनम भी अपने बच्चों सहित इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आई हुई थीं।

गुब्बारे का एक हिस्सा फंस गया था अंदरः पूनम अपने परिवार के साथ फरीदाबाद की संजय कॉलोनी में रहती हैं। बताया जाता है कि पूनम का 8 साल का बेटा अनुज परिवार के अन्य बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रहा था। तभी वह खेलने के लिए पड़ोस की दुकान से गुब्बारा ले आया। वह गुब्बारे में मुंह से हवा भर रहा था। ज्यादा हवा होने के कारण वह गुब्बारा फट गया। इसके बाद अनुज ने फूटे हुए गुब्बारे को दोबारा मुंह में डालकर फिर से फुला लिया। तभी वह गुब्बारा उसके मुंह के अंदर फूट गया, जिस वजह से फूटे हुए गुब्बारे का एक हिस्सा उसकी सांस की नली में चला गया। सांस की नली में गुब्बारे का हिस्सा जाने पर अनुज वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा।

बाघ संरक्षण पर अंतर्राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन का उद्घाटन

नईदिल्ली (आरएनएस)। बाघ संरक्षण पर तीसरे समीक्षा सम्मेलन का उद्घाटन आज नई दिल्ली में हुआ। यह समीक्षा सम्मेलन की रेंज में तीसरा सम्मेलन है और यह 2012 के बाद भारत में आयोजित होने वाला दूसरा समीक्षा सम्मेलन है। सम्मेलन में बाघ रेंज के 13 देशों द्वारा वैश्विक बाघ पुनःप्राप्ति कार्यक्रम (जीटीआरपी) की स्थिति और वन्य जीव तस्करी से निपटने जैसे विषयों पर चर्चा होगी। केंद्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ, हर्षवर्धन ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि बाघ संरक्षण एक कर्तव्य है जिसे अच्छे ढंग से निभाना चाहिए और अधिक से अधिक नवाचारी उपाय किये जाने चाहिए ताकि हम रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में 2010 में बाघ रेंज के देशों द्वारा अपनाए गए लक्ष्यों को बेहतर तरीके से प्राप्त कर सकें।

हवाईअड्डे से सोना और विदेशी मुद्रा की तस्करी के आरोप में तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली हवाईअड्डे पर तीन अलग-अलग मामलों में सीमा शुल्क अधिकारियों ने कथित तौर पर 1.28 करोड़ रुपये मूल्य के सोने और विदेशी मुद्रा की तस्करी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। पहले मामले में रविवार को एक शख्स को पकड़ा गया जब वह शारजाह की उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। सीमाशुल्क विभाग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि उस यात्री और उसके सामान की व्यापक तलाशी के बाद भारी मात्रा में विदेशी मुद्राएं बरामद हुईं। इनमें 3.62 लाख जापानी येन, 2040 कुवैती दिनार, 2140 बहरीनी दिनार, 4,555 ओमानी रियाल, 4,905 यूरो, 7,000 कतरी रियाल और 12,725 अमेरिकी डॉलर शामिल हैं जिनका मूल्य करीब 33.51 लाख रुपये है। अधिकारियों ने शुक्रवार को रियाध से अबुधाबी के रास्ते आए एक दूसरे व्यक्ति को भी हवाईअड्डे पर रोका। बयान में कहा गया कि जांच के दौरान उसके काले रंग की एक टॉर्च के अंदर चांदी के रंग की परत चढ़ी सोने का बिस्कुट बरामद किया गया। इस सोने का वजन 950 ग्राम था और इसकी कीमत करीब 30.42 लाख रुपये है। तीसरा मामला मंगलवार को सामने आया।

यमुना में अमोनिया बढ़ने से फरवरी में पड़ेगा सूखा

नई दिल्ली (आरएनएस)। यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण की वजह से सर्दियों में भी दिल्ली का गला सूखने की कगार पर आ गया है। जनवरी खत्म हो रही है, सर्दियां अपने आखिरी पड़ाव पर हैं, ऐसे में यदि समस्या नहीं सुधरी तो फरवरी के मध्य से ही दिल्ली में जल संकट बड़ा रूप ले सकता है। पिछले दो सालों से हर साल पानी की समस्या को दिल्ली झेल रही है। एक हफ्ते पहले से यमुना में अमोनिया का स्तर बढ़ रहा था, अब यह 2.2 पीपीएम तक पहुंच चुका है।

फिलहाल दिल्ली के तीन प्लांट चंद्रावल, ओखला और वजीराबाद इससे प्रभावित हैं। इनकी 30 से 40 पर्सेंट तक क्षमता कम हो गई है। चंद्रावल से 90 एमजीडी, वजीराबाद में 120 एमजीडी और ओखला से 20 एमजीडी पानी सप्लाई किया जाता है। जिसकी वजह से दिल्ली में लगातार जल संकट बन रहा है। अभी प्लांट बंद करने की नौबत नहीं आई है, लेकिन यदि हालात इसी तरह रहे तो अगले कुछ रोज में प्लांटों को बंद भी करना पड़ सकता है।

डीजेबी के अनुसार हरियाणा की तरफ से यमुना में पिछले कुछ दिनों से प्रदूषित पानी छोड़ा जा रहा है, जिसमें इंडस्ट्रियल वेस्ट अधिक है। हरियाणा प्रतिदिन यमुना में समझौते के तहत 683 क्यूसेक के करीब पानी छोड़ता है लेकिन पिछले कई दिनों इस पानी में अमोनिया ही नहीं बल्कि क्लोराइड, फ्लोराइड और जिंक की मात्रा भी मानको से अधिक है लेकिन सबसे अधिक चिंता अमोनिया को लेकर है। डीजेबी के अनुसार दिल्ली के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट 0.9 पीपीएम तक अमोनिया को साफ कर पाते हैं। पिछले साल भी यह समस्या जनवरी के मध्य में शुरू हुई थी, जो मार्च की शुरुआत तक बरकरार रही थी।

जल बोर्ड के अनुसार इस समय जो पानी हरियाणा से यमुना में आ रहा है उसमें अमोनिया का स्तर चार गुना तक अधिक है। चंद्रावल, वजीराबाद और ओखला प्लांट पूरी तरह यमुना के पानी पर निर्भर है। ऐसे में इन प्लांटों को दूसरे प्लांट का कोटा देकर चलाया जा रहा था लेकिन स्थिति लगातार खराब हो रही है।